
भारतीय कपास निगम लिमिटेड

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LIMITED

45 वीं वार्षिक रिपोर्ट 2014-2015

45TH ANNUAL REPORT 2014-2015





अनुक्रमणिका / Index

विषय / Particulars	Page No
निदेशक मंडल Board of Directors	2
वरिष्ठ प्रबंधन टीम Senior Management Team	4
सूचना Notice	6
अध्यक्ष का अभिभाषण Chairman Speech	8
निदेशक रिंपोर्ट Directors Report	18
निदेशक रिपोर्ट का परिशिष्ट अ Annexture A to Directors` Report	50
निदेशक रिपोर्ट का परिशिष्ट ब Annexture B to Directors` Report	57
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट Independent Auditors` Report	64
महा लेखा परीक्षक की टिप्पणी Comments of the CAG	77
वार्षिक लेखे Annual Accounts	78
बैंकों की सूची List of Banks	134
प्रॉक्सी फार्म Proxy Form	135

निदेशक मंडल
(दिनांक 03.11.2015 को)
BOARD OF DIRECTORS
(As on 03.11.2015)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक Chairman cum Managing Director	**श्री बी.के.मिश्र** **Shri B. K. Mishra**
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वस्त्र मंत्रालय Additional Secretary and Financial Advisor, Ministry of Textiles	**श्री जे. के. दादू** **Shri J.K. Dadoo**
संयुक्त सचिव, वस्त्र मंत्रालय Joint Secretary, Ministry of Textiles	**श्रीमती अनु गर्ग** **Smt. Anu Garg**
निदेशक (वित्त) Director (Finance)	**श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल** **Shri Pradeep Kumar Agarwal**
निदेशक (विपणन) Director (Marketing)	**श्री एम. एम. चोक्कलिंगम** **Shri M. M. Chockalingam**

लेखा परीक्षक

मेसर्स प्रसाद आजाद एंड कं.
सनदी लेखापाल, नई दिल्ली
मेसर्स बंसल आर.कुमार एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखापाल, मुंबई

AUDITORS

M/s. Prasad Azad & Co.
Chartered Accountants, New Delhi
M/s. Bansal R. Kumar & Associates
Chartered Accountants, Mumbai

पंजीकृत कार्यालय

"कपास भवन"
प्लॉट नं. 3ए, सेक्टर - 10, सी.बी.डी. बेलापुर,
नवी मुंबई - 400 614
वेब साईट : www.cotcorp.gov.in
www.ministryoftextiles.gov.in

REGISTERED OFFICE

"Kapas Bhavan"
Plot No. 3A, Sector 10, C.B.D. Belapur
Navi Mumbai - 400 614
Website: www.cotcorp.gov.in
www.ministryoftextiles.gov.in



श्री बी.के.मिश्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Shri B. K. Mishra, Chairman cum Managing Director



श्री जे. के. दादू, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
Shri J.K. Dadoo, Additional Secretary and Financial Advisor



श्रीमती अनु गर्ग, संयुक्त सचिव
Smt. Anu Garg, Joint Secretary



श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, निदेशक (वित्त)
Shri Pradeep Kumar Agarwal, Director (Finance)



श्री एम. एम. चोक्कलिंगम, निदेशक (विपणन)
Shri M. M. Chockalingam, Director (Marketing)

वरिष्ठ प्रबंधन टीम
SENIOR MANAGEMENT TEAM

मुख्य सतर्कता अधिकारी Chief Vigilance Officer	**श्री परमजीत सिह, भा. रा. से.** **Shri Paramjeet Singh, I.R.S.**
मुख्य महा प्रबंधक (वित्त) Chief General Manager (Finance)	**श्री मनोज बजाज** **Shri Manoj Bajaj**
मुख्य महा प्रबंधक (समन्वय) Chief General Manager (Co-ordination)	**श्री ललित कुमार गुप्ता** **Shri Lalit Kumar Gupta**
मुख्य महा प्रबंधक Chief General Manager	**श्री एस. के. पाणिग्रही** **Shri S. K. Panigrahi**
कंपनी सचिव Company Secretary	**श्री मो. जफर रिजवानी** **Shri Mohd. Zaffar Rizwani**

महा प्रबंधक / General Managers

श्री आर. के. गुप्ता Shri R. K. Gupta	डॉ. एस.के.चतुर्वेदी Dr. S. K. Chaturvedi	श्री. यू.के. सिंह Shri U.K. Singh	श्री विशाल के. सिन्हा Shri Vishal K. Sinha
श्री एस. के. दास Shri S. K. Das	श्री अतुल काला Shri Atul Kala	श्री ए. के. श्रीवास्तव Shri A. K. Srivastava	

उप महा प्रबंधक
Deputy General Managers

श्री एस. के. बाजपेयी Shri S. K. Bajpai	श्री प्रांजल पी. जोशी Shri Pranjal P. Joshi
श्री संजय कुमार Shri Sanjay Kumar	श्री अजय कुमार Shri Ajay Kumar



श्री परमजीत सिह, भा. रा. से.
मु.सत. अ.
Shri Paramjeet Singh, I.R.S.
C.V.O.



श्री मनोज बजाज
मु.म.प्र.(वित्त)
Shri Manoj Bajaj
C.G.M. (Finance)



श्री ललित कुमार गुप्ता
मु.म.प्र.(समन्वय)
Shri Lalit Kumar Gupta
C.G.M. (Co-ordination)



श्री एस. के. पाणिग्रही
मु.म.प्र.
Shri S. K. Panigrahi
C.G.M.



श्री मो. जफर रिजवानी
कंपनी सचिव
Shri Mohd. Zaffar Rizwani
Company Secretary

सूचना

NOTICE

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड की 45वीं वार्षिक सामान्य बैठक **मंगलवार दि. 3 नवंबर 2015 को 11.00 बजे, कपास भवन प्लॉट नं.3ए,सेक्टर-10,सी.बी.डी.बेलापुर,नवी मुंबई-400614** में निम्नलिखित काम-काज करने के लिए आयोजित की जायेगी :

सामान्य व्यवसायः

1. 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की लेखा परीक्षित विवरणी, तुलन-पत्र तथा निदेशकों व लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनीज अधिनियम 2013 की धारा 143(6) के अनुसार संबंधित विवरणियाँ और नियंत्रक एवं भारत के महा लेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ प्राप्त और स्वीकार करना ।

2. वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए लाभांश की घोषणा करना ।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते भारतीय कपास निगम लिमिटेड

हस्ता/-
(मोहम्मद जफर रिजवानी)
(कंपनी सचिव)

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 02.11.2015

NOTICE is hereby given that the **45th Annual General Meeting of the members of THE COTTON CORPORATION OF INDIA LIMITED will be held on Tuesday the 3rd November, 2015 at 11.00 a.m. at Kapas Bhavan, Plot No. 3A, Sector 10, CBD-Belapur, Navi Mumbai - 400 614** to transact the following business:

ORDINARY BUSINESS:

1. To receive, consider and adopt the Audited Financial Statement of the Company for the year ended 31st of March, 2015, the Balance Sheet as at that date and Directors' report and Auditor's Report alongwith other related documents and comments of Comptroller & Auditor General of India thereon in terms of Section 143(6) of the Companies Act, 2013.

2. To declare dividend for the financial year 2014-15..

By order of the Board of Directors,
For THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

Sd/-
[Mohd. Zaffar Rizwani]
(Company Secretary)

Place: Navi Mumbai
Date : 02.11.2015

नोट्स:

1. बैठक में उपस्थित रहने तथा मतदान के हकदार अधिकारी सदस्य अपने प्रतिनिधि के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को उपस्थित रहने और अपने स्थान पर मतदान करने का अधिकार प्रदान कर सकते हैं तथा ऐसे प्रतिनिधि का कंपनी का सदस्य होना **आवश्यक नहीं है** ।

2. बैठक के प्रारंभ होने से 48 घंटे पूर्व कंपनी के पास सदस्य का प्रॉक्सी पत्र प्राप्त हो जाना चाहिए । प्रॉक्सी प्रपत्र वार्षिक सामान्य बैठक के नोटिस के अंत में दिया गया है।

3. यदि संयुक्त नाम पर अथवा विभिन्न रजिस्टर्ड फोलियो में शेयर्स हो, तो मुख्य धारक /प्रथम संयुक्त धारक वही है तो ऐसे मामले में केवल प्रथम संयुक्त धारक अथवा ऐसे धारक द्वारा कोई प्रतिनिधि नियुक्त करता है तो मामला कैसा भी हो उन्हें बैठक में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जाएगी ।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते भारतीय कपास निगम लिमिटेड

हस्ता/-
(मोहम्मद जफर रिजवानी)
कंपनी सचिव

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 02.11.2015

प्रति,
कंपनी के सभी सदस्य, निदेशक तथा लेखा परीक्षक

NOTES:

1. A MEMBER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING IS ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND AND VOTE ON POLL INSTEAD OF HIMSELF. SUCH PROXY NEED NOT BE A MEMBER OF THE COMPANY.

2. PROXIES IN ORDER TO BE EFFECTIVE MUST BE RECEIVED BY THE COMPANY NOT LESS THAN 48 HOURS BEFORE THE COMMENCEMENT OF THE MEETING. THE PROXY FORM IS ENCLOSED AT THE END OF NOTICE TO AGM.

3. In case of shares held in joint names or shares held under different registered folios wherein the name of the sole holder/first joint-holder is same, only the first joint-holder/sole holder or any proxy appointed by such holder, as the case may be, will be permitted to attend the meeting.

By order of the Board of Directors,
For THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

Sd/-
[Mohd. Zaffar Rizwani]
(Company Secretary)

Place: Navi Mumbai
Date : 02.11.2015

To,
All Members, Directors & Auditors of the Company



भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

निगम की 45 वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अभिभाषण
SPEECH OF CHAIRMAN-CUM-MANAGING DIRECTOR AT THE 45TH ANNUAL GENERAL MEETING OF THE CORPORATION

प्रिय शेयरधारकों,

भारतीय कपास निगम लिमिटेड की इस 45वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर मैं, अपनी ओर से और निगम के निदेशक मंडल की ओर से आप सबका सहर्ष स्वागत करता हूँ । इस बैठक की सूचना की नोटिस, निदेशक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा परीक्षित लेखे पहले ही परिचालित किये जा चुके हैं । आपकी अनुमति से, मैं उसे पठित मानता हूँ ।

आपके निगम ने अपनी विवेकपूर्ण योजनाओं, कर्मचारियों के समर्पित व अनुभवी संगठन से कपास मौसम 2014-15 की चुनौतियों का सामना करते हुए संस्थान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की ।

1. कपास परिदृश्य

विश्वीय

वर्ष 2014-15 में विश्व कपास क्षेत्रफल 2% वृद्धि के साथ

Dear Shareholders,

It gives me immense pleasure to welcome you all on behalf of the Board of Directors of the Corporation and also on my behalf to this 45th Annual General Meeting of The Cotton Corporation of India Limited ("CCI"). The Notice convening the meeting, the Director's Report and the Annual Audited Accounts for the year ended 31st March 2015 together with the Report of Statutory Auditors, and report and review of Comptroller and Auditor General of India, have already been circulated and with your permission, I shall take them as read.

Your Corporation, with its prudent policies, dedicated and experienced cadre of employees had been able to meet the challenges of Cotton season 2014-15 creating value for the organization and gaining further strength.

1. COTTON SCENARIO:

Global

The world cotton acreage in 2014-15 has

33.39 मिलियन हैक्टर तक पहुँच गया जबकि पिछले वर्ष 32.69 मिलियन हैक्टर था। क्षेत्रफल में यह वृद्धि मुख्यतः समय पर मानसून प्रारंभ होने तथा अन्य प्रतिस्पर्धात्मक उपजों से कपास में बदलने के कारण हुआ।

वर्ष 2014-15 में विश्व कपास उत्पादन, पिछले वर्ष 2013-14 के 26.28 मिलियन टन्स के सामने 26.11 मिलियन टन्स तक गिरने की संभावना है।

विश्वीय अर्थव्यवस्था में कम रिकवरी के आधार पर वर्ष 2014-15 में विश्वीय कपास उपभोग 4% वृद्धि के साथ 24.48 मिलियन टन्स होने की आशा है जबकि पिछले वर्ष 23.61 मिलियन टन्स था।

सितंबर, 2015 के अंत में वैश्विक अंतिम स्टॉक पिछले वर्ष 20.30 मिलियन टन्स की तुलना में 7.3% वृद्धि द्वारा 21.79 मिलियन टन्स होने की आशा है।

increased by around 2% to 33.39 million hectares as against 32.69 million hectares in previous year. The increase in acreage was mainly due to timely onset of monsoon & switching over to cotton from other competing crops.

World cotton production in cotton season 2014-15 is expected to decrease slightly to 26.11 million tons as against 26.28 in 2013-14.

On the basis of timid recovery in global economy, World cotton consumption in 2014-15 is expected to increase by around 4% to 24.48 million tons as against 23.61 million tons in last year.

Global ending stocks at the end of September 2015 are expected to increase by 7.3 % to 21.79 million tons in comparison to previous year's 20.30 million tons.

देशी

कपास का क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता

पिछले वर्ष अच्छे मूल्य प्राप्त होने तथा बुआई के समय कृषि जलवायु स्थितियाँ अनुकूल होने से कपास मौसम 2014-15 में अन्य प्रतिस्पर्धात्मक उपजों के कपास में बदलने से कपास के अधीन क्षेत्रफल बढ़ाने में कपास किसानों को प्रेरणा मिली जिसके फलस्वरूप समग्र कपास क्षेत्रफल गत वर्ष 2013-14 के 119.60 लाख हैक्टर की तुलना में 8.5% की बढ़ौतरी के साथ लगभग 129.71 लाख हैक्टर हुआ।

भारत सरकार द्वारा मिनी मिशन I तथा II के द्वारा उठाये गये विभिन्न उपायों के कारण गुणवत्तावाली प्रमाणित बीजों की बेहतर गुणवत्ता उपलब्धता और ट्रुथफुल लेबल बीजों, बी.टी. बिनौलों का वृद्धित रोपण और हाई डेन्सिटी प्लांटिंग सिस्टम ,इंटरक्रापिंग इत्यादि नई तकनीकी अपनाने द्वारा सुधारित खेती प्रथाओं को अपनाने के लिए किसानों की विचार धारा में आये परिवर्तन से देश में कपास की उत्पादकता में लगातार वृद्धि हुई है। तथापि समग्र देश में असमय पर हुई बारिश के कारण विशेषतः उत्तरी व मध्य राज्यों में उपज पर बुरा असर पड़ा। कपास मौसम 2014-15 में कपास की उत्पादकता 511 कि.ग्रा. प्रति

Domestic

Acreage, production and productivity of cotton:

Receipt of good prices in the previous year and favourable agro-climatic conditions at the time of sowing motivated the cotton farmers to increase the acreage under cotton in cotton season 2014-15 by switching over from other competing Crops. As a result, the overall acreage under cotton has been around 129.71 lakh hectares i.e. higher by 8.5% in comparison to 119.60 lakh hectares in 2013-14.

With various measures by Government of India under Technology Mission on Cotton, better availability of quality certified seeds and truthful label seeds, increased usage of Bt seeds and the changed mindset of cotton farmers towards improved farm practices by adopting new techniques like High density planting system, intercropping etc., the productivity of cotton in the country over the years had been continuously increasing. However, due to untimely rains across the country adversely affected the yield particularly in Northern & Central States. The

हेक्टर रही जबकि पिछले वर्ष 2013-14 में यह 566 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर थी ।

2. माँग और आपूर्ति स्थितिः

देश में कपास मौसम 2014-15 के दौरान कपास की उपलब्धता 430.00 लाख गाँठें रही जिसमे तथा उसके साथ 32 लाख गाँठों का अवशेष स्टॉक और कपास का उत्पादन 390 लाख गाँठें और अनुमानित आयात 8.00 लाख गाँठे शामिल हैं ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विश्वव्यापी कपास की भरपूर मात्रा होने तथा कम आयात के लिए चीन की आयात नीति से देशी व अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में यार्न की माँग में भी कमी आयी । जिसके परिणामस्वरूप देश से निर्यात गत वर्ष 117.98 लाख गाँठों के सामने 70 लाख गाँठों तक कम हुआ ।

जबकि स्पिन्डलेज कैपेसिटी में वृद्धि से देश में कुल कपास उपभोग (मिल, छोटी मिल तथा मिलेत्तर उपभोग शामिल है) 7% बढ़कर 320 लाख गाँठें हुआ (गत वर्ष 298.88 लाख गाँठों के विरूद्ध) तथापि देश में निर्यात में कमी की वजह से कपास मौसम 2014-15 में कपास की कुल विलुप्तता 390 लाख गाँठें बतायी गई जबकि गत वर्ष यह 416.80 लाख गाँठों की थी ।

कपास मौसम 2014-15 के अंत में यानि 30 सितंबर, 2015 को अवशेष स्टॉक का अनुमान 40 लाख गाँठें लगाया गया है, (यानि लगभग 45 दिनों की मिलों की खपत) जबकि पिछले वर्ष यह 32 लाख गाँठें था ।

सरकारी उपाय

कपास मौसम 2014-15 के लिए भारत सरकार ने अधिसूचना सं. 102 (आरई-2013)/2009-14 एवं 103 (आरई-2013)/2009-14 दि.08.12.2014 द्वारा कपास व कपास यार्न के निर्यात के लिए संविदा हेतु डीजीएफटी के साथ पंजीकरण की आवश्यकता को समाप्त किया गया है ।

yield per hectare in 2014-15 had been 511 kgs/hectare as against 566 kgs/ha in 2013-14.

2. DEMAND & SUPPLY SITUATION:

Total availability of cotton in the country in cotton season 2014-15 has been 430.00 lakh bales which include carry over stock of 32 lakh bales, crop production at 390.00 lakh bales and estimated imports of 8.00 lakh bales.

During the year under review, with cotton glut worldwide and new import policy of China for lesser import, the demand for yarn in Domestic as well as International market had been subdued. As a result, export from the Country has reduced to 70 lakh bales as against 117.98 lakh bales during previous year.

Though with increase in spindlage capacity, total cotton consumption in the country (including mill, small mill and non-mill consumption) has increased by 7% to 320.00 lakh bales (as against 298.88 lakh bales in previous year), however, due to decrease in exports from the country, the total disappearance in cotton season 2014-15 has been 390.00 lakh bales as against 416.80 lakh bales in previous year.

The carry forward stock as at the end of the cotton season 2014-15 i.e., 30th September, 2015 has been estimated at 40 lakh bales (i.e. around 45 days mills consumption) as against 32.00 lakh bales in previous year.

Government Measures:

For Cotton Season 2014-15, the Govt. of India vide Notification No. 102 (RE-2013)/2009-14 & 103 (RE-2013)/2009-14 dated 08.12.2014, has abolished the requirement of registration with DGFT for contract for export of cotton & cotton yarn.

3. मूल्य प्रवृत्तिः

विश्व बाजार में कपास मूल्यों पर प्रमुख उत्पादन व खपत करनेवाले देश जैसे चीन, यू.एस इत्यादि में माँग आपूर्ति स्थिति का काफी प्रभाव पड़ा ।

चालू कपास मौसम के दौरान विश्वीय भारी इन्वेन्टरी तथा डब्ल्यूटीओ करार के अनुसार चीन द्वारा न्यूनतम स्तर तक के आयात की वजह से मिलों द्वारा कपास की माँग बहुत कम थी । जिसके परिणामस्वरूप 2014-15 कपास मौसम के आरंभ से ही कपास मूल्य पिछले वर्ष की तुलना में 19% से 31% कम थे । लिंट कपास के प्रारंभिक मूल्य भी पिछले वर्ष की तुलना में 26% से 30% कम थे ।

खरीदी के प्रति कम अभिरूचि तथा प्रतिकूल बाजार सिद्धांत की दोहरी स्थिति में बाजार में कमजोर माँग की वजह से वर्ष 2014-15 में पिछले वर्ष की तुलना में कपास मूल्य कम रहे ।

अंतर्राष्ट्रीय मूल्य प्रवृत्तिः

वर्ष 2014-15 में अंतर्राष्ट्रीय मूल्य कॉटलुक ए इंडेक्स में बताये अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में कम रहे ।

1 अगस्त 2014 को कॉटलुक ए का प्रारंभिक मूल्य 72.15 यूएस सेंट्स/एलबी था जबकि पिछले वर्ष 91.10 यूएस सेंट्स/एलबी था, वर्ष 2014-15 में 1 1/2 महीने के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कपास मूल्य स्थिर रहे तत्पश्चात् कॉटलुक ए इंडेक्स नवंबर, 2014 के द्वितीय सप्ताह के दौरान 65.90 यूएस सेंट्स/एलबी के स्तर तक घटती बढ़ती रही 1 जुलाई माह में कॉटलुक ए इंडेक्स 71.00 से 73.00 यूएस सेंट्स/एलबी की रेंज में रहे जबकि पिछले वर्ष के दौरान 89.00 से 91.00 यूएस सेंट्स/एलबी की रेंज में रहे ।

वर्ष 2014-15 में मौसम के माँग व आपूर्ति के सिद्धांतों के आचरण, चीन की नीति में परिवर्तन, मार्केट

3. PRICE TREND:

Cotton prices in the global markets are largely influenced by the demand-supply situation in major producing and consuming countries like China, US etc.

During current cotton season, due to huge inventory worldwide and lesser Import by China to bare minimum level as per their WTO Agreement, demand of cotton by the mills was very poor. As a result since beginning of cotton season 2014-15, the prices of seed cotton (kapas) were ruling below by 19% to 31% as compared to previous year. Also the opening prices of lint cotton were lesser by around 26% to 30% as compared to the opening prices of previous year.

Cotton prices were depressed during the 2014-15 as compared to previous year due to weak downstream demand in the market coupled with poor buying sentiments and unfavorable market fundamentals.

International price trend:

The international cotton prices, as measured by Cotlook A index, in 2014-15 had been ruling lower as compared to the corresponding period last year.

The opening price of Cotlook A as on 1st August, 2014 was 72.15 US Cents/lb as against 91.10 US Cents/lb in previous year. The International cotton prices remained relatively stable during 1 ½ month of 2014-15, thereafter, the Cotlook A index fluctuated to the level of 65.90 US Cents/lb during 2nd last week of November, 2014. In the month of July, the Cotlook A Index ruled in the range of 71.00 to 73.00 US Cents/lb as against 89.00 to 91.00 US Cents/lb during previous year.

Global cotton prices lost further ground during September, as the 2014-15 season's bearish supply and demand fundamentals, and policy

सेंटीमेन्ट के बढ़ते प्रभाव के कारण सितंबर माह के दौरान ग्लोबल कॉटन मूल्य और अधिक गिरे ।

विक्रेता के पास निम्न श्रेणी की कपास की काफी मात्रा उपलब्ध होने के कारण वे कम मूल्यों पर कपास बेचने के लिए इच्छुक थे ताकि उनके पास कपास कम हो सके ।

आयसीएसी ने कॉटलुक ए सूचकांक 71 यूएस सेन्ट प्रति एलबी पर प्रक्षेपित की है जो गत वर्ष लगभग 91 यूएस सेन्ट प्रति एलबी औसत के विरूद्ध है ।

4. निगम का कार्य-निष्पादन

न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्यः

जब कभी प्रचलित कपास मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य को छूते हैं, आपका निगम भारत सरकार के निदेशों के अनुसार, भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कपास उत्पादको द्वारा उन्हें ऑफर की गई संपूर्ण कपास मात्रा खरीद करने के लिए बाजार में प्रवेश करता है।

कपास मौसम 2014-15 के लिए भारत सरकार ने पिछले वर्ष की तुलना में मूलभूत स्टेपल ग्रुप में लगभग 50 रू. यानि 2% की वृद्धि की ।

वर्तमान कपास मौसम के आरंभ में अक्तूबर/नवंबर महीनों में आवक की प्रगति अच्छी थी । चीन की न्यूनतम आयात नीति तथा विश्व में कपास की भरपूर मात्रा के कारण घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय मांग निरंतर कम थी जिसके फलस्वरूप सभी कपास उत्पादक राज्यों में कपास मूल्य एमएसपी स्तर को छूने लगे तथा भाकनि ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 86.96 लाख गाँठों की खरीदी का व्यापक परिचालन कार्य किया ।

वाणिज्यिक कार्य-कलापः

न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य न होने की स्थिति में, आपका निगम वाणिज्यिक कार्य-कलाप सम्पूर्णतः स्वयं की जोखिम पर प्रारम्भ करता है ताकि किसानों को उनकी उपज का

changes in China, increasingly influenced market sentiment.

There is a huge unsold stock of lower grade cotton available with the seller and they were willing to sell at lower prices in order to reduce inventory.

The ICAC has projected Cotlook A Index to average at around 71.00 US Cents per lb as against average of around 91.00 US Cents per lb in the previous year.

4. PERFORMANCE OF THE CORPORATION:

MSP Operations:

As and when the prevailing kapas prices touch the MSP level, your Corporation, as per the directives from the Government of India, enters the market to buy entire quantity of kapas offered to it by the cotton growers at Minimum Support Prices (MSPs) announced by the Government of India.

For cotton season 2014-15, Government of India had increased the MSPs by Rs. 50/- i.e. around 2% in basic staple groups as compared to previous year.

In the beginning of current cotton season the pace of arrivals was reasonably good in the month of October/November. Due change in the China policy for bare minimum of Import and cotton glut world-wide; there was continuously subdued demand domestically as well as internationally. As a result, the kapas price touched the MSP level in all the cotton growing States and CCI had to undertake massive MSP operation to the tune of 86.96 lakh bales.

Commercial operations:

In the absence of MSP operations, the Corporation undertakes commercial operations entirely at its own risk to enable the cotton farmers to realize

प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य प्राप्त हो सके तथा अपनी नियमित खरीददार मिलों की यानि संस्थागत और निजी क्षेत्र दोनों की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ निर्यात की पूर्ति की जा सके।

वर्ष 2014-15 के दौरान भाकनि ने कपास उत्पादक राज्यों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बडे पैमाने पर परिचालन किया तथा किसी भी राज्य में वाणिज्यिक खरीदी करने का अवसर नहीं मिला ।

देशी बिक्री:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके निगम ने स्टाक के परिसमापन में व्यावहारिक दृष्टिकोण जारी रखा जिससे कपास स्टाक के परिसमापन में सहायता मिली । निगम पिछले वित्तीय वर्ष 2013-14 में 23.35 लाख गाँठों के सामने वर्ष 2014-15 में 4.20 लाख गाँठों की बिक्री करने में सफल हुआ ।

बिक्री टर्न-ओवर:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके निगम ने पिछले वित्तीय 2013-14 वर्ष के 4861.44 करोड़ रू. के टर्न-ओवर के समझ वित्त वर्ष 2014-15 में 4837.83 करोड़ रू. का टर्न-ओवर प्राप्त किया है । निगम ने ग्राहकों को बिक्री से पूर्व तथा उसके पश्चात् बेहतर सेवाएँ देने तथा अच्छी गुणवत्तावाली कपास की आपूर्ति द्वारा उपभोक्ता मिलों से सीधे व्यावहारिक बिक्री की योजना को निरंतर जारी रखा ।

मूल्य परिवर्धन :

समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत ईओयुएस तथा अन्य क्वालिटी कॉनश्येस मिलों की संदूषण मुक्त कपास की मांग को पूरा करने के लिए आपके निगम ने कुल उत्पादन का 90% न्यूनतम संदूषण से संसाधन किया है । मिलों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के फलस्वरूप निगम आधुनिक जि.एवं प्रे. फैक्टरियों में संसाधित की गई कपास को प्रीमियम के साथ बेचने में समर्थ हुआ ।

competitive prices for their produce as also to meet the requirement of its regular buyer mills, both under institutional and in private sector as also for exports.

During 2014-15, CCI undertake massive MSP operation in all the cotton growing States and there was no occasion to effect Commercial operation in any State.

Domestic Sales:

During the year under review, your Corporation continued to pursue the pragmatic approach to liquidate the stocks, which has helped in liquidating the cotton stocks. The Corporation has succeeded in selling 4.20 lakh bales in FY 2014-15 as against 23.35 lakh bales in the previous FY 2013-14.

Sales Turnover:

During the year under review, the turnover of the Corporation had been Rs.4837.83 crores in FY 2014-15 as against the turnover of Rs.4861.44 crores in the previous FY 2013-14. The Corporation continued to pursue the policy of pragmatic sales, directly to consuming mills by supplying quality cotton and by providing better pre and post sales services to the customers.

Value Addition:

In order to meet the demand for contamination free cotton from EOUs and other quality conscious mills during the year under review, your Corporation had processed around 90% of the total procurement with least contamination. The response of the mills was positive and the Corporation was able to sell cotton processed in the modern G&P factories with premium.

5. विकासशील गतिविधियाँः

आपका निगम वर्ष 2005-06 से (2010 को छोड़कर) अन्य कार्यान्वयन एजेन्सियों के साथ जो पहले से ही कृषि मंत्रालय के एफएलडी प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन में कार्यरत है । फ्रंट लाईन डिमोन्स्ट्रेशन (एफएलडी) घटक को कार्यान्वयन करने के लिए कृषि मंत्रालय, भारत सरकार की एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत है ।

परंतु 2014-15 से मंत्रालय द्वारा कथित प्रोग्राम के लिए निधीकरण बंद कर दिया गया है । कथित एफएलडी प्रोग्राम के लाभों को देखते हुए आपके निगम ने कर्नाटक राज्य (शा.का. हुबली के अंतर्गत), तमिलनाडू (शा.का.कोयंबतूर के अंतर्गत) तथा वेस्ट बंगाल (शा.का.कोलकाता के अंतर्गत) के पिछड़े क्षेत्रों में बेहतर उपज/कपास की गुणवत्ता के लिए एफएलडी प्रोग्राम के साथ 700 कांट्रैक्ट फार्मिंग के कार्यक्रम आयोजित किए है, जिस पर 12.06 लाख रू. का व्यय किया गया ।

6. वित्तीय परिणामः

वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान (कर के पश्चात्) 59.84 करोड़ रूपये के शुद्ध लाभ के सामने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान निगम ने (कर के पश्चात्) 22.59 करोड़ रूपये का लाभ प्राप्त किया ।

निरंतर अच्छे निष्पादन को देखते हुए आपके निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान प्राप्त लाभ पर 20% पेड-अप शेयर कैपिटल यानि कुल 5 करोड़ रूपये के लाभांश की सिफारिश की है ।

7. निगमित सामाजिक दायित्वः

वर्ष 2014-15 के दौरान वस्त्र मंत्रालय के साथ हुए समझौता ज्ञापन तथा कंपनीज़ नियमावली 2014 अनुसार भाकनि ने आदिलाबाद के इंदरवेली तथा दानोरा गॉव जिला तेलंगाना तथा विल्लुपुरम गॉव के पेरांगियूर व कलामरथूर जिला तमिलनाडु में बेंचस, वॉटर प्यूरिफायर, दरवाजे, खिडकियाँ, सोलार लाईट्स उपलब्ध करवाने के साथ-साथ बोर वेल मोटर सहित जल आपूर्ति करवाना ओवरहेड टैंक, सरकारी स्कूलों में बालिकाओं के लिए शौचालय बनवाना जैसे कई सी. एस. आर. गतिविधियाँ आयोजित की है । कुल खर्च 19.32 लाख रू. हुआ ।

5. DEVELOPMENTAL ACTIVITIES:

Your Corporation has been one of the Nodal Agencies of Ministry of Agriculture, Govt. of India for implementing the component of Front Line Demonstration (FLD) in cotton since 2005-06 (barring 2010) along with other implementing agencies which were earlier implementing the FLD Project of Ministry of Agriculture.

But from 2014-15 onwards, funding for the said programme has been stopped by the Ministry. Looking to the benefits of the said FLD programme, your Corporation undertook 700 nos. Contract Farming with FLD programme for betterment of yield/quality of cotton in backward areas in the State of Karnataka (under B.O. Hubli), Tamil Nadu (under B.O. Coimbatore) and West Bengal (under B.O. Kolkata) with expenditure of Rs. 12.06 lakhs.

6. FINANCIAL RESULTS:

During the financial year 2014-15, the Corporation has earned a net profit of Rs. 22.59 crores (after tax) as against the profit of Rs. 59.84 crores (after tax) in the financial year 2013-14.

In view of continued good performance of the Corporation, the Board of Directors of the Corporation have recommended dividend @ 20 per cent on paid up share capital aggregating to Rs. 5 crores during the FY 2014-15.

7. CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY:

During 2014-15, as per MoU with the Ministry of Textiles and Companies (Corporate Social Responsibility Policy) Rules, 2014, your Corporation undertook various CSR activities like providing benches, water purifier, doors, window, solar lights, water supply including bore-well motor & overhead tank and constructions of toilets for girls in the Govt. schools in Indervally and Danora village of Adilabad District in Telangana and in Perangiyur and Kalamaruthur village of Villupuram District in Tamil Nadu. The total expenditure was Rs. 19.32 lakhs.

उपर्युक्त गतिविधियों में भाकनि ने 10.90 लाख रू. के कुल खर्च से 6 शौचालयों का निर्माण किया यानि आदिलाबाद, तेलंगाना जिले में जिला परिषद के उच्च स्कूलों में 4 शौचालय तथा विल्लुपुरम जिले तमिलनाडु में सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल में 2 शौचालयों का निर्माण किया है ।

एमओयू के अनुसार उपर्युक्त सीएसआर गतिविधियों के अलावा निगम ने जम्मू एवं कशमीर में बाढ़ पीड़ित व्यक्तियों को वूलन कंबल की खरीदी व आपूर्ति पर सीएसआर निधियों के एक भाग का लगभग 24.84 लाख रू. का अंशदान भी नवंबर 2014 में किया है ।

नए सीएसआर दिशानिर्देशों के अनुसार वर्ष 2014-15 में सीएसआर के लिए कोई भी राशि आबंटित नहीं की जानी थी । तथापि निगम द्वारा वस्त्र मंत्रालय के साथ हुए समझौता ज्ञापन के लक्ष्य के अनुसार तथा अपनी क्षमताओं निगम के संचालन के क्षेत्रों के आसपास रह रहे समुदायों की अपेक्षाओं पर विचार करते हुए निगमने सीएसआर गतिविधियों के लिए 50 लाख रू. का बजट आबंटित किया है जिसके सामने समीक्षाधीन अवधि के दौरान 44.16 लाख रू. का खर्च हुआ ।

8. निगमित शासनः

आपका निगम विश्वास करता है कि सफल होने के लिए एक कंपनी के लिए यह आवश्यक है कि अपने सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए निगमित आचरण का विश्वीय मानदंड बनाये । आपकी कंपनी को विश्वास है कि औचित्य, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के सिद्धांत अच्छे शासन के लिए सोपान हैं । कंपनी का यह उद्यम है कि प्रशासन का उच्चतम स्तर प्राप्त करें और अपने व्यापार क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रशासी कंपनियों के साथ अपना स्थान बनाये ।

9. भावी परिदृश्यः

लंबे अरसे से भारत कपास के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे बड़े कपास उत्पादक उपभोगकर्ता एंव नेट एक्सपोटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ।

कपास मौसम 2015-16 में कपास क्षेत्रफल 120-121 लाख

In above activities , CCI constructed six units of toilets with total expenditure of Rs. 10.90 lakh i.e. four units of toilets in Zila Parishad High Schools in Adilabad districts, Telangana and two units of toilets in Government Higher Secondary schools in Villupuram District, Tamil Nadu

Besides above mentioned CSR activities as per MoU, the Corporation has also contributed around Rs. 24.84 lakhs as a part of CSR funds in the month of November, 2014 for procurement and supply of woollen blankets to the flood affected people in Jammu & Kashmir.

As per new CSR guidelines under Companies (Corporate Social Responsibility Policy) Rules, 2014, no fund was supposed to be allocated for CSR in the year 2014-15. However, as per target under MoU with the Ministry of Textiles as well as taking into consideration its capabilities, expectations of the communities living in and around the areas of its operation as well as where it has its presence, your Corporation made a budget allocation of Rs. 50 lakhs for the CSR activities out of which Rs. 44.16 lakhs was spent during the period under review.

8. CORPORATE GOVERNANCE:

Your Corporation believes that for a company to be successful, it must maintain global standards of corporate conduct towards all its stakeholders. Your Company believes that the principles of fairness, transparency and accountability are the corner stones for good governance. It is the Company's endeavour to continue to achieve the highest levels of governance and to benchmark itself with the best governed companies in the similar trade.

9. FUTURE OUTLOOK:

Over the years, India has emerged as a key player in the cotton sector at international level, as the second largest cotton producer, consumer as also a net exporter of cotton.

In the cotton season 2015-16, the acreage under cotton is expected to decrease in the range of

हैक्टर की रेंज में कम होने की आशा है जो अन्य प्रतियोगी उपजों जैसे गुवार, सोयाबीन, मूंगफली, दालें इत्यादि में बदलने से होगा । इसके अलावा उत्तरी राज्यों में वाईट फ्लाई पेस्ट अटैक के कारण उत्पादन में 15 से 16% गिरावट अपेक्षित है । उपर्युक्त स्थिति को देखते हुए कपास उत्पादन गिरावट के साथ 365-370 लाख गाँठों तक होना अपेक्षित है ।

विश्व स्तर पर :

- कपास मौसम 2015-16 में कपास के अधीन लगभग 7% गिरावट के साथ 31.14 मिलियन हैक्टर होने की आशा है जबकि 2014-15 में 33.39 मिलियन हैक्टर था ।
- कपास उपज लगभग 8% गिरावट के साथ 23.84 मिलियन मे.टन होने की आशा है जबकि पिछले वर्ष 26.11 मिलियन मे.टन था ।
- विश्वीय कपास व्यापार मामूली गिरावट के साथ 7.62 मिलियन टन्स की होने आशा है जबकि पिछले वर्ष यह 7.72 मिलियन टन्स था ।

10. भावी योजनाः

बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आगमन तथा अन्य कारणों की वजह से देश में कपास अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हुई है निगम भी आगामी वर्षों में विवेकपूर्ण व्यवसायिक योजनाएँ अपनाकर इस प्रतिस्पर्धा से निपटने के लिए तैयार है ।

11. आभार

मैं इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्यों द्वारा समय-समय पर दिए गए उपयोगी एवं बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार प्रकट करना चाहता हूँ ।

मैं माननीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार, सचिव (वस्त्र), एएस एंड एफए (वस्त्र), संयुक्त सचिव (वस्त्र) तथा वस्त्र मंत्रालय के अन्य अधिकारियों, वित्त मंत्रालय के अधिकारियों, कृषि मंत्रालय और वस्त्र आयुक्त एवं उनके अधिकारियों के प्रति भी उनके द्वारा दिए गए सहयोग तथा मार्गदर्शन के

120-121 lakh hectares due to switching over to other competing crops like guar, soyabean, groundnuts, pulses etc. Besides this, due to white fly pest attack in Northern States, production is expected to reduce by about 15 to16%. In view of the above situation, it is expected that the cotton production may decrease to the level of 365- 370 lakh bales.

At world level:

- Acreage under cotton in cotton season 2015-16 is expected to decrease by around 7% to 31.14 million hectares as against 33.39 million hectares in 2014-15.
- Cotton production is expected to decrease by around 8% to 23.84 million MT as against 26.11 million MT.
- World cotton trade is expected to decline marginally to 7.62 million tons as against 7.72 million tons in previous year.

10. FUTURE PLANNING:

Although the competition in the cotton economy of the country has increased due to entry of multinational companies and other factors, the Corporation is fully prepared to face such competition in the coming years by adopting prudent business policies.

11. ACKNOWLEDGEMENT

I take this opportunity to express my deep appreciation for the useful and valuable support given by the members of the Board from time to time.

I also wish to place on record my sincere gratitude for the guidance and cooperation extended by the Hon'ble Minister of Textiles, Government of India, Secretary (Textiles), AS & FA (Textiles), Joint Secretary (Textiles) and other officials of Ministry of Textiles, Officials of Ministry of Finance, Ministry of Agriculture, the Textile Commissioner

लिए भी आभारी हूँ । निगम की कार्य प्रणाली के संबंध में हाल ही में स्थापित ट्रेंड को कायम रखा गया जिसके सहयोग के बिना यह प्राप्त करना संभव नहीं था ।

समीक्षागत वर्ष के लिए निगम के लेखों की परीक्षा करते समय निगम के सांविधिक लेखा परीक्षक, सदस्य, लेखा-परीक्षा बोर्ड, मुंबई द्वारा तथा सरकारी लेखा परीक्षा अधिकारियों द्वारा दिए गए अमूल्य मार्गदर्शन के लिए भी, मैं उनका आभारी हूँ ।

मैं, राष्ट्रीय वस्त्र निगम, सहकारी स्पिनिंग मिलों तथा निजी क्षेत्र की मिलें जिन्होंने कपास मौसम वर्ष 2014-2015 के दौरान अपनी आवश्यकता अनुसार कपास की खरीद निगम से की है तथा इस प्रकार गुणवत्ता, मूल्य-प्रतिस्पर्धा और निगम द्वारा दी जानेवाली सेवाओं पर विश्वास बनाये रखा है। भारतीय वस्त्र उद्योग संगठन (सीआयटीआय), कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, केन्द्रीय भंडार निगम, राज्य भंडार निगम द्वारा निगम को दिए गए सहयोग के प्रति भी, मैं हार्दिक आभारी हूँ ।

इस अवधि के दौरान निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिये गये समर्पण, निष्ठा और वचनबद्धता पूर्ण सेवा के लिए भी, मैं हार्दिक आभारी हूँ।

सधन्यवाद,

(बी.के.मिश्र)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 03.11.2015

and his officials, but for which to maintain trends that were set earlier in the recent past with regard to the working of the Corporation, would not have been possible.

I am also grateful for the valuable guidance by the Statutory Auditors, Member, Audit Board, Mumbai and officials of Government Audit in the course of their conducting the audit of accounts of the Corporation for the year under review.

Sincere thanks are also due to the National Textile Corporation, Cooperative Spinning Mills and various mills in the private sector, who have covered their cotton requirements from the Corporation in cotton season 2014-15, thus, placing their faith in the quality, price competitiveness and services being rendered by the Corporation. Our sincere thanks are also due to the Confederation of Indian Textile Industries (CITI), Cotton Association of India (CAI), Central Warehousing Corporation, State Warehousing Corporations for the cooperation extended to the Corporation.

I would also like to express my sincere and deep appreciation for the dedication, devotion and commitment with which the staff and officers of the Corporation have worked during the period.

Thanking you,

(B.K. MISHRA)
CHAIRMAN-CUM-MANAGING DIRECTOR

Place: Navi Mumbai
Date : 03.11.2015

वर्ष 2014-15 के लिए निदेशक रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT FOR THE YEAR 2014-15

प्रति,

सदस्यगण,

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

आपके निदेशकगण 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखों के साथ आपके निगम के कार्य-संचालन पर 45वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करते हैं, जो निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित है तथा लेखा परीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्ट के साथ प्रमाणित है ।

1. कपास स्थिति

कपास मौसम 2014-15 (अक्तूबर, 14 से सितंबर,15) की मुख्य-मुख्य बातें नीचे दिये अनुसार हैं :

(i) कपास मौसम 2014-15 (अक्तूबर,14 से सितंबर,15) का आरंभ 32.00 लाख गाँठों के अवशेष स्टॉक के साथ हुआ, जो मिल की 1½ माह की खपत के लिए ही काफी थी । खरीफ फसल मौसम 2014-15 के दौरान देरी से मानसून आरंभ होने के कारण लगभग सभी कपास उत्पादक क्षेत्रों में बुआई में 3 से 4 सप्ताह की देरी हुई तथापि जुलाई, 2014 के तीसरे सप्ताह से देश में कपास के क्षेत्र में अच्छी बारिश पड़ने तथा कपास बुआई के लिए कृषि जलवायु की स्थितियाँ संतोषजनक रही जिसके परिणामस्वरूप समग्र कपास उत्पादन राज्यें में कपास की बुआई तीव्र गति से होने लगी ।

(ii) कपास सलाहकार मंडल (सीएबी) के अनुसार कपास मौसम 2014-15 के दौरान देश में कपास उत्पादन गत वर्ष की 398.00 लाख गॉठों के सामने 390.00 लाख गॉठें हैं । इस वर्ष की कपास स्थिति के मुख्य लक्षण नीचे दिये अनुसार हैं:-

To,

The Members,
The Cotton Corporation of India Limited

Your Directors have immense pleasure in presenting the 45th Annual Report on the working of your Corporation together with the Annual Accounts for the year ended 31st March, 2015, as approved by the Board of Directors and certified by the Auditors alongwith their report thereon.

1. COTTON SITUATION

The highlights of the cotton season 2014-15 (Oct 14 to Sept-15) are as under:

(i) Cotton season 2014-15 (i.e. Oct-14 to Sept-15) was commenced with a carryover stock of 32.00 lakh bales, which was just enough to meet 1½ month's mill consumption. In kharif crop season 2014-15, the sowing was delayed in almost all the cotton growing states by around 3 to 4 weeks due to delayed onset of monsoon. However from 3rd week of July 2014, the rains were reported well across the cotton belt in the Country and agro-climatic conditions were satisfactory for cotton sowing. As a result, sowing of cotton in all the cotton growing states progressed on faster pace.

(ii) Cotton production in the country in cotton season 2014-15, as per Cotton Advisory Board (CAB), has been placed at 390.00 lakh bales as against 398.00 lakh bales in previous season. The salient feature of this year's cotton scenario is as follows:

(क) कपास मौसम 2014-15 हेतु कपास क्षेत्रफल का अनुमान 129.71 लाख हेक्टर लगाया गया है जो पिछले वर्ष 117.27 लाख हैक्टर की तुलना से 11% अधिक है । तथापि बुआई के समय कृषि जलवायु की स्थितियाँ अनुकूल होने के कारण तथा अन्य स्पर्धात्मक फसलों से कपास में बदलने के कारण कपास मौसम 2014-15 के दौरान कपास के क्षेत्र में लगभग 129.71 तक रिकार्ड स्तर तक वृद्धि हुई ।

(ख) उत्तरी अंचल में वर्ष 2014-15 में कपास के अंतर्गत क्षेत्रफल में पिछले वर्ष की तुलना में 13.74 लाख हैक्टर्स के विरूद्ध 12% वृद्धि के साथ 15.43 लाख हैक्टर हुआ । क्षेत्रफल में यह घटौती मुख्यतः मकई दाल व गुवार जैसे अन्य स्पर्धात्मक फसलों से कपास में बदलने के कारण हुई । क्षेत्रफल में यह वृद्धि राजस्थान में पिछले वर्ष की तुलना में 3.03 लाख हैक्टर के विरूद्ध 50% वृद्धि के साथ 4.54 लाख हैक्टर तथा हरियाणा में पिछले 5.66 लाख हैक्टर के विरूद्ध 13% वृद्धि के साथ 6.39 लाख हैक्टर दर्शाती है जबकि पंजाब में पिछले वर्ष के 5.05 लाख हैक्टर के विरूद्ध 11% की कमी के साथ 4.50 लाख हैक्टर दर्शाती है ।

(ग) मध्य अंचल में कपास के अधीन क्षेत्र में वर्ष 2013-14 के 71.84 लाख हैक्टर के सामने 2014-15 में 77.78 लाख हैक्टर स्तर तक वृद्धि हुई है । कपास क्षेत्रफल में यह वृद्धि मुख्यता गुजरात में बुआई के समय अनुकूल कृषि जलवायु परिस्थितियों की वजह से गत वर्ष 26.91 लाख हैक्टर के विरूद्ध लगभग 12% बढ़कर 30.08 लाख हैक्टर हो गया । जबकि महाराष्ट्र में कपास क्षत्रफल गत वर्ष 38.72 लाख

(a) For cotton season 2014-15, the acreage under cotton is estimated at 129.71 lakh hectares i.e. higher by 11% in comparison to 117.27 lakh hectares in previous year. However, due to favourable agro-climatic conditions at the time of sowing and also due to switching over from other competing crops to cotton, the overall acreage has reached to a record level of around 129.71 lakh hectares during the cotton season 2014-15.

(b) In Northern States, acreage under cotton in 2014-15 has increased by around 12% to 15.43 lakh hectares as against 13.74 lakh hectares in previous year. The increase in acreage has mainly been due to switching over to cotton from other competing crops viz., maize, pulses and guar. Acreage increase has been significant in Rajasthan by around 50% to 4.54 lakh hectares (as against 3.03 lakh hectares in previous year) and in Haryana by around 13% to 6.39 lakh hectares (as against 5.66 lakh hectares in previous year) whereas in Punjab the acreage has declined by around 11% to 4.50 lakh hectares as against 5.05 lakh hectares in previous year.

(c) In Central zone, the cotton acreage has increased to 77.78 lakh hectares in 2014-15 to 71.84 lakh hectares in 2013-14. The increase in cotton acreage has been mainly in Gujarat by around 12% to 30.08 lakh hectares (as against 26.91 lakh hectares of 2013-14) due to favourable agro climatic conditions at the time of sowing. Whereas in Maharashtra cotton acreage has increased by around 8% to 41.92 lakh hectare (as against 38.72 lakh hectares of 2013-14) whereas

हैक्टर के विरूद्ध 8% बढ़कर 41.92 लाख हैक्टर तथा मध्य प्रदेश में गत वर्ष 6.21 लाख हैक्टर के विरूद्ध 7% की कमी के साथ 5.78 लाख हैक्टर हुआ ।

(घ) दक्षिण अंचल में भी गत वर्ष 30.02 लाख हैक्टर के विरूद्ध क्षेत्रफल 16% बढ़कर 34.94 लाख हैक्टर पहुँच गया । आंध्र प्रदेश में तेलंगाना में गत वर्ष 22.69 लाख हैटर के विरूद्ध लगभग 9% उल्लेखनीय वृद्धि के साथ क्षेत्रफल बढ़कर 24.66 लाख हैक्टर हो गया । तमिलनाडु में क्षेत्रफल गत वर्ष 1.39 लाख हैक्टर के विरूद्ध लगभग 24% बढ़कर 1.73 लाख हैक्टर हो गया । कर्नाटक में क्षेत्रफल गत वर्ष 5.94 लाख हैक्टर के विरूद्ध उल्लेखनीय वृद्धि के साथ लगभग 44% बढ़कर 8.55 लाख हैक्टर पर पहुँच गया ।

(ङ) देश में बी.टी. कपास के अधीन क्षेत्रफल वर्ष -प्रति -वर्ष लगातार बढ़ रहा है । कपास मौसम 2014-15 में अनुकूल कृषि जलवायु तथा बी.टी. पैदावार की जागरूकता की वजह से गत वर्ष के 92% के विरूद्ध बी.टी.कपास का क्षेत्रफल 96% बढ़कर कुल क्षेत्रफल लगभग 129.71 लाख हैक्टर पहुँच गया ।

(च) देश में उत्कृष्ट लंबे और अतिरिक्त लंबे तंतु की कपास में 8 से 10 लाख गॉठों के समग्र उपभोग के विरूद्ध इस स्टेपल ग्रुप में देशी कपास उत्पादन लगभग 5 से 6 लाख गॉठों पर रूका हुआ है, जो मुख्यतः आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में इस स्टेपल ग्रुप में घटे हुए क्षेत्रफल के कारण है । इसके कारण वस्त्रोद्योग मिलों ने इस श्रेणी की कपास का यू.एस.पीमा, ईजिप्शियन गिजा आदि से

in Madhya Pradesh the acreage has declined by around 7% to 5.78 lakh hectares (as against 6.21 lakh hectares in previous year).

(d) In Southern zone, the acreage under cotton has increased by around 16% to 34.94 lakh hectares as against 30.02 lakh hectares in the previous year. The acreage in Andhra Pradesh & Telangana has increased considerably by around 9% to 24.66 lakh hectares as against 22.69 lakh hectares in the previous year. In Tamil Nadu cotton acreage has increased by around 24% to 1.73 lakh hectares as against 1.39 lakh hectares of previous year. The acreage increase under cotton is significant in Karnataka by around 44% to 8.55 lakh hectares as against 5.94 lakh hectares in the previous year.

(e) Acreage under BT cotton in the country is increasing continuously year after year. In cotton season 2014-15, due to favourable agro-climatic condition also due to awareness for BT cultivation the acreage under BT cultivation in 2014-15 has reached to 96% of the total acreage of around 129.71 lakh hectares as against 92% in the last year.

(f) In superior long and extra long staple cottons, as against the overall consumption of around 8 to 10 lakh bales in the country, the domestic cotton production in this staple group remained stagnant at around 5 to 6 lakh bales, mainly due to reduced acreage in this staple group in Andhra Pradesh. This has led to imports of cotton in this category by the textile mills mainly for US Pima,

5 लाख गॉठों की सीमा तक कपास का आयात किया है ।

(छ) कपास क्षेत्रफल में वृद्धि तथा प्रचलित कृषि जलवायु के आधार पर कपास सलाहकार मंडल(सीएबी) ने दि. 31 मार्च, 2015 को आयोजित अपनी पिछली बैठक में वर्ष 2014-15 हेतु 390 लाख गाँठों का अनुमान लगाया है । उत्तरी अंचल में कपास उत्पादन में 5% घटौती के साथ 56.00 लाख गॉठों की गिरावट हुई है । कपास उत्पादन में यह कमी मुख्यतः पंजाब में 33% की गिरावट से हुई । हरियाणा व राजस्थान में थोड़ी वृद्धि हुई तथा क्रमशः 25.00 तथा 17.00 लाख गाँठों तक पहुँच गया ।

(ज) मध्य अंचल में कपास उत्पादन गत वर्ष 227 लाख गॉठों की तुलना में 8% कमी के साथ 209.00 लाख गाँठें हो गया । यह गिरावट मुख्यतः गुजरात में गत वर्ष 124 लाख गाँठों के विरूद्ध 13% गिरावट यानि 108 लाख गाँठें दर्शाता है । महाराष्ट्र में 83.00 लाख गाँठें कपास उत्पादन है जो गत वर्ष 84 लाख गॉठों से थोड़ा कम है तथा मध्य प्रदेश में गत वर्ष 19.00 लाख गाँठों के विरूद्ध 18 लाख गाँठें अपेक्षित है ।

(झ) दक्षिण अंचल में कपास क्षेत्र में 35 लाख हैक्टर के स्तर तक वृद्धि तथा बुआई के समय कृषि जलवायु स्थितियाँ अनुकूल होने के कारण मौसम 2014-15 के दौरान कपास उत्पादन गत वर्ष 106.00 लाख गाँठों के विरूद्ध लगभग 12% वृद्धि के साथ 119.00 लाख गाँठें बढ़ने की संभावना है । तेलंगाना व आंध्र प्रदेश में कपास उत्पादन क्रमशः 57.00 व 27.00 लाख गाँठें,

Egyptian Giza etc. to the extent of 5 lakh bales.

(g) Due to increase acreage under cotton and based on prevailing agro-climatic conditions; the Cotton Advisory Board (CAB) in its last meeting held on 31st March 2015 has estimated cotton production at 390 lakh bales for 2014-15. In Northern zone, the cotton production has decreased by 5% to 56.00 lakh bales. The decline in cotton production has been mainly in Punjab by around 33%. The cotton production in Haryana and Rajasthan has increased slightly and reached to 25.00 & 17.00 lakh bales respectively.

(h) In Central zone, the cotton production has decreased by 8% to 209.00 lakh bales in comparison to 227.00 lakh bales in previous year. The decrease in cotton production has been mainly in Gujarat i.e. 13% to 108 lakh bales as against 124.00 lakh bales in previous year. In Maharashtra the cotton production is expected to be 83.00 lakh bales which is slightly less than previous year 84.00 lakh bales and in Madhya Pradesh, the cotton production is expected to be 18.00 lakh bales as against 19.00 lakh bales in previous year.

(i) In Southern zone, with an increase in cotton acreage to a level of 35 lakh hectares and favourable agro-climatic conditions at the time of sowing period, cotton production in cotton season 2014-15 is estimated to increase substantially by around 12% to a level of 119.00 lakh bales as against 106.00 lakh bales in previous year. The cotton production in Telangana and Andhra Pradesh is estimated at

कर्नाटक में 30 लाख गाँठें तथा तमिल नाडु में 5 लाख गाँठें होने की संभावना है ।

कपास मौसम 204-15 के लिए भारत सरकार ने पिछले वर्ष की तुलना में न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगभग 50/-रू. यानि 1% की वृद्धि की । मीडियम स्टेपल ग्रुप (24.5 एमएम से 25.5 एमएम स्टेपल लेंथ 4.3 से 5.1 माईक्रोनेयर) में एमएसपी 3700/-रू. प्रति क्विंटल से 3750/-रू. प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई तथा लॉंग स्टेपल ग्रुप (29.5 एमएम से 30.5 एमएम 3.5 से 4.3 माईक्रोनेयर) में 4000/-रू. प्रति क्विंटल के सामने 4050 प्रति क्विंटल वृद्धि की गई ।

2. वित्तीय परिणाम

2.1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके निगम ने पिछले वर्ष के 4916.93 करोड़ रू. के टर्न-ओवर के विरूद्ध 5409.09 करोड़ रू. का टर्न-ओवर प्राप्त किया है ।

2.2 समीक्षागत वित्तीय वर्ष के दौरान वित्तीय परिणामों की मुख्य मुख्य बातें नीचे दिये अनुसार हैं :-

	2014-15	2013-14
देशी बिक्री (लाख गांठों में)	4.20	23.32
निर्यात बिक्री (लाख गांठों में)	0.00	0.03
टर्न-ओवर (करोड़ रूपयों में)	5409.09	4916.93
कर के बाद लाभ/(हानि) (करोड़ रूपयों में)	22.59	59.84

2.3 रिपोर्ट के अधीन वर्ष में आपके निगम का अल्पावधि ऋण सीएआरई ए1+(एसओ) (सीएआरई ए1+A one plus) रहा है यानि 4000 करोड़ रू. की अल्प अवधि बैंक उधार के लिए इस श्रेणी में दी गयी उच्चतम क्रेडिट रेटिंग है, जो अल्पावधि ऋण देयता पर समय पर

57.00 & 27.00 lakh bales, 30 lakh bales in Karnataka and 5 lakh bales in Tamil Nadu.

For cotton season 2014-15, the Government of India has increased the Minimum Support Prices (MSPs) by Rs. 50/- i.e. around 1% in comparison to previous year. In medium staple group (24.5mm to 25.5mm staple length with mic 4.3 to 5.1), the MSP has been increased to Rs. 3750/- per quintal from Rs. 3700/- per quintal and in the case of long staple group (29.5mm to 30.5mm with mic. 3.5 to 4.3), the same has been increased to Rs. 4050/- per quintal as against Rs. 4000/- per quintal.

2. FINANCIAL RESULTS

2.1 During the year under review, your Corporation could achieve a turnover of Rs. 5409.09 crores as against the previous year's turnover of Rs. 4916.93 crores.

2.2 The highlights of the financial results during the financial year under review were as follows:

	2014-15	2013-14
Domestic sales (in lakh bales)	4.20	23.32
Export sales (in lakh bales)	0.00	0.03
Turnover (in Rs. crores)	5409.09	4916.93
Profit / (Loss) after tax (in Rs. crores)	22.59	59.84

2.3 During the year under report, your Corporation's short term debt is rated CARE A1+(SO)[CARE A One Plus](Structured Obligation) i.e. the highest credit rating assigned in this category for short term bank borrowings of Rs. 4,000/- crores which

भुगतान के लिए दृढ़ क्षमता दिखाती है और न्यूनतम ऋण जोखिम रखती है ।

2.4 लाभांश तथा आरक्षित में अंतरणः

आपके निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान प्राप्त लाभ पर 20% पीएटी (कर के पश्चात् लाभ) यानि 5.00 करोड़ रूपये के लाभांश की सिफारिश की है । लाभांश का भुगतान कंपनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् किया जायेगा । तद्नुसार निदेशकों ने 2.26 करोड़ रू. सामान्य रक्षित में अंतरण करने का प्रस्ताव दिया

3. वर्ष 2014-15 में कपास उत्पादन तथा उपभोग :

कपास सलाहकार मंडल (सीएबी) ने अपनी मार्च, 2015 को आयोजित बैठक में कपास मौसम 2014-15 के दौरान 390 लाख गॉठों के अनुमानित कपास उत्पादन तथा उसके साथ 32.00 लाख गॉठों के अवशेष स्टॉक और 8.00 लाख गॉठों के अनुमानित आयात से कपास उपलब्धता का अनुमान सीएबी द्वारा बनाये गये कपास तुलन पत्र के अनुसार 430.00 लाख गाँठें रहा है, जबकि पिछले वर्ष यह 448.80 लाख गाँठे थी ।

